No. CBSE/CE/Coord/2021 **28/06/2021**

प्राचार्य/संस्थाओं के प्रमुख,

सीबीएसई से संबद्ध स्कूल।

(सीबीएसई वेबसाइट के माध्यम से)

विषय: ग्यारहवीं कक्षा के अक अपलोड करने के संबंध में

यह प्रपत्र पत्र संख्या CBSE/CE/Result Tabulation XII/2021 dated 24.06.20201 के क्रम में है। सीबीएसई के संज्ञान में आया है कि कुछ स्कूल संदर्भ वर्ष के उपलब्ध ना होने के कारण तथा इस सोच के साथ की कक्षा ग्यारहवीं के अंकों की माडरेशन सीबीएसई द्वारा की जाएगी, अपने विद्यार्थियों के कक्षा ग्यारहवीं के अंकों को अपलोड नहीं कर रहे हैं।

स्पष्ट किया जाता है कि कक्षा 11वीं तथा 12वीं दोनों की ही मॉडरेशन स्कूल के द्वारा ही की जाएगी, सीबीएसई के द्वारा नहीं। इस विषय में यह भी सूचित किया जाता है कि कक्षा ग्यारहवीं के अंकों को मोडरेट करने के लिए संदर्भ वर्ष की आवश्यकता नहीं है

अध्ययन के परिणामों और अन्य संबंधित विषयों के के आलोक में तैयार की गई अवधारणा के आधार पर रिजल्ट कमेटी मॉडरेशन पर फैसला करेगी।

इसलिए सभी स्कूलों को हिदायत दी जाती है कि कक्षा ग्यारहवीं के अंकों को समय सीमा के अनुसार अपलोड करें। कक्षा ग्यारहवीं के अंकों को अपलोड करने की अंतिम तिथि आगे बढ़ाने की की अनुमति नहीं दी जाएगी। माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार सीबीएसई को दिनांक 31 जुलाई 2021 तक कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम को घोषित करना है।

स्कूलों को डाटा को अपलोड करने के पश्चात कक्षा 11वीं तथा 12वीं के अंको को मॉडरेट करने की अनुमति होगी।

-हस्ताक्षरित-

(डॉ. संयम भारद्वाज)

परीक्षा नियंत्रक

प्रति : वेब-एडमिन को बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए